एक नजर

आदिवासी अंचल कुलथाना में स्वास्थ्य टीम पर हमला

महू। दूर दराज के आदिवासी व अन्य अंचल में भी संक्रमण ने दिखाएं बड़ा दी है, खास बात यह है जिम्मेदारों के तमाम प्रयास के बावजूद कई गांवों में लोग लापरवाही से परहेज रख रहे है, वहीं समझाईश व जागरूकता को भी दरकिनार कर रहे है। कुलथाना के टंड गांव में संक्रमित व्यक्ति को तलाशने अमला उसके घर पहुंचा तो वह नहीं मिला। जब टीम ने घरवालों की सेंपलिंग लेने की कवायद की तो वे अमले से विवाद के बाद मारपीट पर उतारू हो गए, सूत्रों के मुताबिक उन्होंने टीम के एक दो सदस्य पर हमला भी किया, जिसमें वे बाल - बाल बच गए। बाद में सिमरोल थाना के चोरल चौकी से पुलिस जवान पहुंचे और उसी के बाद स्वास्थ्य टीम ने सेंपल कलेक्ट किए।

जांच के लिए पुलिस बुलाना पड़ी

महू। ग्राम कुलथाना पंचायत के अन्तर्गत टंड गांव मे एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव निकला कोरोना पॉजिटिव घर पर नही मिला जांच टीम घरवालों की सेंपलींग लेने गए तो घरवाले टीम को मारने खड़े हो। टीम ने चोरल चौकी से पुलिस बुलाकर सभी के सैंपल की जांच की सभी परिवार ध्यान रखे कोई भी एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव होने पर सभी सदस्य अपनी जांच अवश्य कराएं।

पत्नी से विवाद के बाद पति ने फांसी लगाई

उज्जैन, (निप्र)। रंजीत नगर नागालाई निवासी एक युवक ने पत्नी से विवाद होने के बाद साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी के शोर मचाने पर पड़ोसियों ने दरवाजा तोड कर फंदे से शव उतारा और अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। महाकाल पुलिस ने बताया कि राहुल पिता राजेश प्रजापत 28 वर्ष निवासी रंजीत नगर नागालाई मिस्त्री का काम करता था। वह अपने दोस्त गणेश सोनी के साथ काम से घर लौटा और पत्नी किरण के साथ खाना खाया। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया इसके बाद राहुल ने कमरे में जाकर साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। किरण ने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्रित हो गए और दरवाजा तोड़ कर राहुल के शव को फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया। राहुल की 5 वर्ष पहले शादी हुई थी और उसका एक पुत्र है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जाँच की जा रही है।

शिप्रा नदी में मिला शव- महाकाल थाना पुलिस ने सुनी माता मंदिर के समीप शिप्रा नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की आयु लगभग 40 वर्ष के करीब है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा जिले के सभी थानों से गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित की जा रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता नूरी खान की रिहाई के लिए ज्ञापन सौंपा

उज्जैन, (निप्र)। कांग्रेस प्रवक्ता नूरी खान द्वारा उज्जैन शहर में कोरोना महामारी के दौरान बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी को ज्ञापन देने के दौरान पुलिस ने धारा 144 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने तहसीलदार श्रीकांत शर्मा व सीएसपी पल्लवी शुक्ला को ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस प्रवक्ता विवेक सोनी ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी को कोरोना महामारी के दौर में स्वास्थ्य संबंधित अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नूरी खान द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा था परंतु इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में जिला व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन देकर नूरी खान को बिना शर्त के रिहा करने की मांग की गई। इस अवसर पर डॉ.बटुकशंकर जोशी, रवि राय, दुआ अख्तर नरहरशंकर जोशी, छोटू खूबचंदानी, तबरेज खान, अर्जुन मालवीय सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कोरोना से जंग की जद्दोजहद, जारी जनता कर्फ्यू

पुलिस की मुस्तैदी व कार्रवाई का दौर जारी

करीब डेढ़ माह बाद मिली बड़ी राहत, 56 पॉजिटिव केस

महू। विकासखंड में वैश्विक महामारी की स्पीड कुछ कम होने के बावजूद खतरा व चुनौतियां जारी है। वहीं महू तहसील में आज पॉजिटिव केस 56 , डिस्चार्ज हुए 128 , मृत्यु 1 , कुल एक्टिव केस 782 एक्टिव है। वहीं जनता कर्फ्यू के दौरान आवश्यक सामग्रियों व सब्जी फल को सुबह छह से दोपहर बारह तक जारी छूट में ग्राहकी कमजोर, लेकिन बाजार मे हलचल दिखाई दे रही है।

शहर से लेकर अंचल तक कोरोना से जंग के तहत प्रशासन, पुलिस व विभिन्न महकमें सतत सक्रिय है। शहर के मुकाबले अंचल में मरीजों व संक्रमितों की संख्या ज्यादा है लिहाजा इन एरियों में पुलिस ने अपनी सक्रियता और बढ़ा दी है तथा बड़गोंदा, मानपुर, किशनगंज, सिमरोल सहित कोतवाली थाना क्षेत्रों में पुलिसिंग व मूवमेंट जारी है, पिछले दो दिनों में ही विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्जनों लोगों पर कार्रवाई की है।

मार्केट जोन में हलचल बढ़ी- सोमवार के मुकाबले मंगलवार को मार्केट जोन में हलचल ज्यादा दिखाई दी, इस दौरान किराना व सब्जी फल वालों के यहां सोशल डिस्टेंस के साथ ग्राहकी जारी रही, वहीं वाहनों की आवाजाही भी बनी रही। इधर कोतवाली प्रभारी दिलीप पुरी मोबाइल वाहन से सतत गश्त कर बेवजह घूमने वालों के साथ ही सब्जी व फल के ठेलों जो एक ही जगह खड़े कर भीड़ का कारण बन रहे थे हकालते रहे।

आबकारी, आर्म्स व प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई जारी- विकासखंड के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस सतत गश्त व पुलिस पिकट्स पाइंट पर सजग व मुस्तेद है। एसडीओपी विनोद शर्मा ने बताया कि वहीं सभी थाना प्रभारी अपने अपने एरियों में निगाहबान व जनता कर्फ्यू के पालन के साथ ही आपराधिक तत्वों की धड़पकड़ में जुटे है। दो दिनों में कोतवाली, किशनगंज, मानपुर व बड़गोंदा थाना क्षेत्रों में करीब पचास लोगों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रतिबंधात्मक 151 के तहत 16, आबकारी एक्ट अवैध शराब के तहत दो मामले दर्ज किए गए। जबकि आर्म्स एक्ट के दो एवं धारा 188 उल्लंघन में एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

तिरछी नजर- श्रेय या फिर?

महू। विधानसभा क्षेत्र खासकर अंचल में संक्रमण रिकवरी अब सुखद दिखाई दे रही है, वही ग्रामीणों में भी इसे लेकर चेतना है, हालांकि कई एरियों में पक्ष - विपक्ष के बीच शहर व अंचल के अनेकों कतिपय चेहरे हर मुद्दे, बात या सुविधाओं पर श्रेय व प्रचार प्रसार को लेकर अब हैरान कर देने वाली चर्चाएं, वहीं विभिन्न दल सेवाभाव के बजाए श्रेय व अपनी अपनी छवि की कवायद में जुटे हैं, जबकि क्षेत्रिय तेज तर्रार जनप्रतिनिधि व कर्तव्यनिष्ठ अफसर व टीम के साथ ही विभिन्न सामाजिक चेहरों के साथ ही खासकर पाथ इंडिया फाउंडेशन आदि जनभागीदारी से नया इतिहास बनाने की ओर है। अब विभिन्न योजनाओं में राशन वितरण की घोषणा को लेकर हैरान कर देनेवाले नजारे दिखाई दे रहे है। शासन ने गरीबों को विभिन्न योजनाओं में राशन आदि के लिए कोटा जारी किया है, केंट बोर्ड व स्थानीय निकायों के माध्यम से हितग्राहि राशन पर्ची प्राप्त कर इसे ले सकेंगे। इधर कई पूर्व व वर्तमान के साथ ही दलों से जुड़े लोग इस पर अपने नाम की मोहर व अन्य माध्यमों से गरीबों को एहसास करा रहे है कि उनके कारण उनकी व्यवस्था हो रही है, जबकि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद इस तरह से विभिन्न योजनाओं में गरीबों, वंचितों व अन्य पात्र को राशन दिया जा रहा है, या जाएगा, लेकिन इस तरह की कतिपय छाप से खासी चर्चाएं है।

डेली कर्मचारियों की पीड़ा- केंट बोर्ड के करीब 28 दैनिक वेतन भोगी जो इस नाजूक दौर में अपने अपने कार्यो में कर्तव्यनिष्ठा के साथ जुटे है, अप्रेल माह का वेतन अब तक नहीं मिलने से परेशान है। दरअसल अधिकांश दैनिक वेतन भोगी बेहद मध्यम या गरीब वर्ग से है, यहां से मिलने वाला वेतन ही उनके व परिवार के लिए रोजी रोटी का साधन है। कई श्रमिक अल्पसंख्यक वर्ग है लिहाजा ईद के मौके पर भी वे हलकान रहे। छावनी परिषद सीईओ अवकाश पर है लिहाजा इस कारण वेतन भुगतान पत्र पर चेक जारी नहीं हो पाया। इधर जानकारों का कहना है जब स्थाई कर्मचारियों को समय पर तनख्वह दी गई तो फिर डेली वैजेस कर्मचारियों को क्यों नहीं दी जा सकी। प्रभारी सीईओ रक्षा संपदा अधिकारी सपन कुमार से राहत की दरकार है।

जमकर फटकार लगाई- जनता कर्फ्यू के दौरान आवश्यक सामग्रियों बाजार के निर्धारित समय दोपहर बारह बजे के पूर्व से ही कोतवाली प्रभारी डीके पुरी सदल बल भ्रमण कर स्थिति पर निगाहबान थे, तभी हरिफाटक सात रास्ता पर भीड़ देख ना सिर्फ जमकर फटकार लगाई, बल्कि आस - पास के लोगों को भी समझाईश दी आपकी भी ड्यूटी है इस तरह से तो संक्रमण बेकाबू होगा आप लोग भी चपेट में आएंगे लिहाजा लोग अपनी व परिवार की सुरक्षा और वायरस बचाव के लिए अपनी भी जिम्मेदारी समझे और किसी भी सार्वजनिक स्थान या कहीं पर भी लोगों को एकत्र नहीं होने दे, ऐसा कोई कर रहा है तो उसे समझाएं नहीं तो पुलिस को सूचना दे। इस दौरान खासी हलचल व पक्ष - विपक्ष भी जारी रहा।

मुख्यमंत्री आज उज्जैन आएंगे

उज्जैन, (निप्र)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह आज बुधवार 19 मई को उज्जैन भ्रमण पर आ रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री बुधवार को दोपहर 1.45 बजे रतलाम से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 2.05 बजे हेलीपेड पर पहुंचेंगे। यहां स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेकर सायं 4.15 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री कोरोना महामारी के संबंध में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर जनप्रतिनिधियों से फीडबेक लेंगे।

चक्रवात का असर, कई जगह झमाझम तो बूंदाबांदी भी

महू। विकासखंड में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बार - बार बदल रहा है, मंगलवार की सुबह से ही आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही, वहीं कई कई बूंदाबांदी का दौर भी जारी रहा। दोपहर में तेज धूप भी निकली तो शाम पांच बजे बाद तेज हवाओं के थमने के बाद कई तेज तो अनेक जगह धीमी बारिश व बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। समुद्री तूफान के विभिन्न तट से टकराने के बाद से ही ऐसे मौसम का अनुमान लगाया गया था, एक दो रोज इसी तरह बारिश या बूंदाबांदी के साथ ही तेज हवाओं व आसमान से गरज के छींटों का दौर जारी रह सकता है।

स्नातक के छात्रों को अब वैकल्पिक विषय के रूप में एनसीसी का अध्ययन करने का अवसर

इंदौर। नई शिक्षा पद्धति (एन ई पी 2020)के अनुसार विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को अब एनसीसी ऐच्छिक विषय के रूप में चुनकर अध्ययन करने का अवसर मिलेगा । चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम सी बी सी एस के अंतर्गत स्नातक के छात्रों को यह विकल्प मिलेगा । 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के कमान अधिकारी कर्नल पंकज अत्री ने बताया कि नई शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली ने सभी राज्यों के प्रमुख सचिव को निर्देश दिए हैं कि आगामी शैक्षणिक सत्र से स्नातक स्तर के छात्र छात्राओं के लिए एनसीसी इलेक्टिव विषय के रूप में शामिल किया जाए।

कर्नल पंकज अत्री ने बताया कि नई शिक्षा पद्धति के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली ने संपूर्ण भारत के सभी विश्वविद्यालयों को एनसीसी एक सामान्य क्रेडिट कोर्स (जी सी सी)के रूप में लागू करने के निर्देश दिए हैं। देश के रक्षा सचिव ने भी सभी राज्यों के प्रमुख सचिवों को विश्वविद्यालय तथा कालेजों में एनसीसी इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में स्नातक स्तर पर पढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस नई पहल के कारण विद्यार्थियों को एनसीसी बी एवं सी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अलावा स्नातक स्तर पर एनसीसी इलेक्टिव विषय के अध्यापन से उच्च प्रशिक्षण के लिए अकादमिक क्रेडिट भी प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही केंद्रीय एवं राज्य सरकार की विभिन्न शासकीय प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत रोजगार के लिए अतिरिक्त अंक प्राप्त कर सकेंगे। एनसीसी इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में अध्यापन से निजी क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी एवं छात्रों को अतिरिक्त बोनस अंक प्राप्त होंगे। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस संबंध में अपनी सभी यूनिवर्सिटी एवं महाविद्यालयों को एनसीसी इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में पढ़ाने के लिए निर्देश अभी प्रतीक्षित हैं।

कर्नल पंकज अत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा नई शिक्षा पद्धति के अंतर्गत एनसीसी इलेक्टिव सब्जेक्ट को 6 सेमेस्टर में 24 क्रेडिट पॉइंट में विभाजित किया गया है। यह पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप लागू किया जाएगा। इस संबंध में लॉकडाउन के पश्चात एनसीसी के अधिकारी विभिन्न यूनिवर्सिटीज के कुलपतियों से मिल कर एनसीसी को इलेक्टिव सब्जेक्ट के तौर पर शामिल करने के लिए वार्तालाप एवं विचार विमर्श करेंगे।

कैमरे की नजर से मंगलवार का नजारा

महू। मंगलवार को शहर में जनता कर्फ्यू के दौरान मिली किराना, सब्जी व फल फ्रुट सामग्रियों की छूट के दौरान कई सन्नाटा रहा, तो अनेक जगह हलचल किंतु सोशल डिस्टेंस का पालन से सुखद तस्वीर बनी, तो अनेक जगह शरीरिक दूरी व अन्य एडवायजरी को लेकर चिंताजकन दृश्य भी दिखाई दिए। मेडिकल्ल जोन ड्रीमलेंड जहां आपतकालीन सेवाओं के चलते रोज ही छूट है बावजूद उसके इस तरह से जाम व विभिन्न डाक्टर्स चेंबर्स व दवा दुकानों पर इस तरह से भीड़ वायरस को आकर्षित कर सकती है। वहीं बैंको के बाहर भी इस तरह के दृश्य चिंताजनक है।

:- यातायात जानकारों के मुताबिक किशनगंज ओवर ब्रिज यातायात के कई व्यू से खतरों भरा भी है, इसे लेकर पक्ष विपक्ष के बावजूद हुई कई घटनाएं जिसमें हाल ही में एक जाबांज पुलिसकर्मी भी दुर्घटना में मौत से ब्रिज के तकनीकि पहलुओं को लेकर सुगबुगाहट है। वहीं कई बार अंधेरे के कारण भी हादसे व घटनाएं हुई है। अभी इस ब्रिज के दोनों और बेरिकेट्स लगा दिए गए है, जिससे आवाजाही पर ब्रेक जरूर लगेगा, लेकिन रात बिरात किसी हादसे या दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है।

-सभी चित्र फोटो जर्नलिस्ट रौनक जैन

मंत्री उषा ठाकुर ने कहा- जो दुकानों तक नहीं आ सकते, उन्हें राशन घर तक पहुंचाया जाएगा

महू। क्षेत्र की विधायक वा प्रदेश की पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने मंगलवार को तहसील की कई शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर पहुँच कर आकस्मिक निरीक्षण किया । मंत्री उषा ठाकुर चोरल, सिमरोल में निरीक्षण करते हुए यादव मोहल्ले की शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर निरीक्षण करने पहुंची । यहां पर उन्होंने दुकान संचालक घनश्याम यादव से पात्र परिवारों को बट रहे अनाज के संबंध में जानकारी ली व अनाज बांटने में आ रही परेशानीयों के संबंध में भी बातचीत की साथ ही राशन वितरण में आने वाली समस्याओं को भी देखा । निरीक्षण के दौरान उन्होंने गरीबों को दिये जा रहे गेहूं व बाजरे की क्वालिटी को भी चेक किया ।

इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उचित मूल्य की दुकानों पर हुए आकस्मिक निरीक्षण के दौरन हितग्राहियों को अनाज वितरण की जानकारी ली, वहीं शासकीय दुकान संचालको से भी चर्चा कर जमीनी हकीकत व परेशानी को समझा। प्रधानमंत्री द्वारा दो माह का व मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश, राज्य सरकार द्वारा 3 माह का राशन निःशुल्क दिया जा रहा है । उक्त पांच माह का राशन का वितरण सही प्रकार से हो रहा है या नहीं यह देखना भी आवश्यक है ।

जब मंत्री उषा ठाकुर से पूछा गया की जो व्यक्ति असहाय है, दिव्यांग है जो राशन लेने इन दुकानों तक नहीं आ सकता तो उनके लिए क्या व्यवस्था है ।

मुख्यमंत्री को पूर्व विधायक ने लिखा पत्र

किसानों के साथ ही मंझले व छोटे व्यापारियों को दी जाए राहत

महू। पूर्व विधायक जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सहकारिता नेता अंतरसिंह दरबार ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चैहान को पत्र भेजकर विधानसभा क्षेत्र के साथ ही सांवेर, देपालपुर, राउ व इंदौर जिले के समस्त अंचल व प्रदेश के किसानों की समस्याओं के साथ ही मंझले व छोटे व्यापारियों के साथ ही आम लोगों की पीड़ा को सामने रखा तथा विभिन्न राहत की दरकार की है। दरबार के इस पत्र से विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में खासी हलचल है।

पूर्व विधायक दरबार ने भेजे पत्र में किसानों के द्वितीय चरण इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा किसानों के कर्ज माफी की और ध्यान आकर्षित करते हुए लिखा है कि द्वितीय चरण का करीब 56 करोड़ रूपए रिलीज नहीं किया गया, जिससे किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ और सहकारिता व अन्य बैंक उन पर वसूली का दबाव बना रही है। वही लाक डाउन के इस दौर में सभी किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों से विभिन्न बैंकों, सहकारिता, भूमि विकास आदि के साथ ही निजी संस्थाओं द्वारा की जा रही ऋण वसूली स्थगित की जाए तथा किसानों व छोटे व्यापारियों के साथ ही मध्यम वर्ग के लिए राहत पैकेज जारी किया जाए। साथ ही किसानों का माल मंडिया बंद होने से खराब हो रहा हैं, उस पर भी उचित निर्णय लिया जाए।

क्षेत्रिय विधायक गंभीर नहीं- पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि मौजूदा क्षेत्रिय विधायक व प्रदेश की मंत्री किसानों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं है, ना ही यहां के लोगों के लिए वे कुछ कर पा रही है। जबकि विकासखंड में कोरोना की दूसरी लहर ग्रामीण एरियों में बड़ा खतरा बनी हुई, है, जनता कर्फ्यू के चलते किसान, मजदूर, श्रमिक व अन्य वर्ग बेहद परेशान है।

पत्र पर एक नजर- कोविड के कारण व लोकडाउन के कारण खासकर किसानों की खेती.बाड़ी आमजन का व्यापार.व्यसाय ओर गरीब .मजदूर वर्ग प्रभावित हुआ हैएकोविड की गाइडलाइन के अनुसार यातायात भी बाधित हुआ हैं जिसके कारण किसानों व व्यापारीयों का उत्पादन खपत के लिए बाजार में नहीं पहुंच पाया । एक ओर कोविड की मार दूसरी ओर व्यापार धंधे पर प्रहार इस समय किसान व आमजन को आर्थिक रूप से बहुत कमजोर कर चुका हैं। इंदौर व अन्य मंडी पूर्ण रूप से बंद होने के कारण हमारे महू के किसान भाई प्याज एवं अन्य फसलो का विक्रय नहीं कर पाएं और न ही उनके पास आगामी फसल लेने के लिए क्रय शक्ति बच पाई। इस समय अन्तर्राज्यीय यातायात सेवा भी पूरी तरह से बंद हैए जिसके कारण किसान अपनी उपज खासकर सब्जियों और फलों के उत्पादन से बचत नही ले पाया है प्रमुख रूप से जिले के किसान जिसमे महू के किसान फूल की खेती गाजर,चुकन्दर, आलू, प्याज, लहसुन आलू की चिप्स का अधिक व उत्कृष्ट गुणवत्ता का उत्पादन लेते हैए जो प्रदेश के बाहर व एक्सपोर्ट क्वालिटी के लिए भेजे जाते है । वर्तमान में कोविड व लोकडाउन के कारण यह उत्पादन का ट्रांसपोर्ट व खपत नही हो सकी है ! महू के किसानों के दर्द कौन जनप्रतिधि समझेगा ६ वर्तमान सरकार मे मंत्री व विधायक उषा ठाकुर इस विषय पर कतई गम्भीर नहीं हैं। पूर्व में भी महू के किसानों को जय किसान ऋण माफी योजना से लाभान्वित करवाने के लिए हमने महू एस डी एम के माध्यम से मंत्री उषा ठाकुर को 6.2.2021को पत्र प्रेषित किया थाएजो स्थानीय विधायक के संज्ञान में हैं।एअक्षय तृतीया किसानो का नव वर्ष होता है। इस तिथि पर किसान आगामी फसल के लिए बीजएखेती में आवश्यक साधनों व मजदूरों की व्यवस्था करता हैं।वर्तमान स्थिति में किसान ना बीज क्रय कर पा रहें हैंएना मजदूरों को एडवांस भुगतान कर पा रहें हैं औ? ना ही संसाधन जुटा पा रहें हैं।शिवराज जी यह कैसी जटिलता हैंएयह स्थिति आपके मप्र के महू के किसानों की हैंएआदरणीय आप तो स्वयं किसान हैं एक किसान का दर्द एक किसान होकर ही जाना जा सकता हैं।किसानों के खलिहानों पर खेती के साथ ही रोजमर्रा की आमदनी के लिए दुग्ध व्यवसाय भी किया जाता हैंएकोविड ने इस व्यवसाय को बहुत अधिक प्रभावित किया हैंएकिसान दुग्ध व्यवसाय से प्राप्त होने वाले लाभ से अपने बच्चों की शिक्षाएअपने मजदूरों का घर चलाते हैं किंतु वर्तमान स्थिति इतनी नाजुक हैं कि अन्नदाता स्वयं अन्न के लिए संघर्षरत हैं।एकोरोना की दूसरी लहर ने ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक नुकसान पहुंचाया हैंएगांवों में आज प्रत्येक घर मे एक व्यक्ति कोरोना से गंभीर रूप से संक्रमित रहा हैं जिसे अस्पताल के माध्यम से ही स्वस्थ किया जा सका हैए कई ग्रामीण जनों ने उपचार के बाद भी अपने परिजनों को खो दिया। एक व्यक्ति के कोविड उपचार पर 5 से 7 लाख रुपये खर्च तक वहन करना पड़ा। यह अकास्मिक हुई घटनाओं ने ग्रामीण जन व किसानों को आर्थिक रूप से अनावश्यक कर्ज की ओर ढकेल दिया।मुख्यमंत्री जी इस समय महू का किसान एवं उसके परिवार जन आपको आशा भरी निगाहों से देख रहा है। चूंकि महू की विधायक व आपकी सरकार में केबिनेट मंत्री किसानों के प्रति अपनी संवेदनाओं में पूरी तरह शून्य हैं साथ ही महू के किसानों को कर्ज माफी के द्वितीय चरण का लाभ दिलाने में भी पूरी तरह असफल व निष्क्रिय सिद्ध हुई हैं ।आश्चर्यजनक किसान पीड़ा की बात तो यह हैं कि इंदौर जिले की तीन विधानसभा तहसीलएसांवेर.देपालपुर.राऊ का मप्रप्र राज्य सहकारी मर्यादित संस्था अपेक्स बैंक के पत्र क्रमांक मप्र मुख्यालय 20 कृषि ऋण 1280 भोपाल दिनांक 22.9.2020 के पत्र द्वारा 792 करोड़ 42 लाख रु सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के किसानों के लिए ऋण माफी हेतु आवंटित हुए जिसमे द्वितीय चरण की राशि 56 करोड़ 14 लाख रुपये इंदौर जिले की तीन विधानसभा राऊए सांवेर ओर देपालपुर हेतु आवंटित की गई । जिससे कि इन तीनो विधानसभा के किसानों का सहकारि मर्यादित संस्थाओं से लिया गया ऋण कर्ज माफ किया गया हैएकिंतु इंदौर की प्रतिष्ठित तहसील महू के किसानों का द्वितीय चरण का कर्ज माफ आज दिनांक तक नही हुआ महू के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार अत्यंत पीड़ादायक हैं।

GORANI INDUSTRIES LIMITED
CIN: L28121MP1995PLC009170
GSTIN: 23AAACG6274B1Z2
Regd. Office: Plot No. 32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area, Indore-452015 (M.P.) India
Phone: 0731-2723201-3, Fax No. : 0731-2723200
E-mail: gorani.industries@yahoo.com
Website: www.goraniindustries.com

NOTICE

Notice is hereby given in pursuance to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the company Gorani Industries Limited scheduled to be held on Friday, 28th May, 2021 stands cancelled as, the Company wants to avail the relaxation provided by SEBI vide its circular No. SEBI/HO/CFD/CMD/P/CIR/ 2021/556, date April 29, 2021, regarding extension of time for submission of Audited financial results for the quarter and year ended on March 31, 2021. A copy of the said notice and audited financial results shall also be available on company's website at www.goraniindustries.com and also on Stock exchange website at www.bseindia.com.

For Gorani Industries Limited
Anil Gorani
(Holding DIN: 00056540)
(Whole- Time Director)
Place: Indore
Date: 18-05-2021